पूर्णियाँ अभियंत्रण महाविद्यालय
पूर्णियाँ–८५४३०३

PURNEA COLLEGE OF ENGINEERING
PURNEA-854303

पत्रांक PCE/672 दिनांक 19/09/2026

# सूचना

विभागीय पत्रांक–वि०प्रा० एवं त०शि० (VI) बि०कौ०वि०मि०–53/19–5186/पटना, दिनांक–18/09/2026 के आलोक में विश्व कौशल प्रतियोगिता में चयन हेतु **India Skills Competition 2026-27** का आयोजन 2027 में प्रस्तावित है। उक्त प्रतियोगिता में बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने हेतु राज्य में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है जिसके विजेता उम्मीदवारों को क्षेत्रीय एवं नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजयी उम्मीदवारों को विश्व कौशल प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा जो आईची, जापान में प्रास्तावित है।

अतः संस्थान में अध्ययनरत इच्छुक छात्र–छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि निचे दिये गये **Link/QR Code** के माध्यम से अपना पंजीकरण जल्द से जल्द करवा ले आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक–22.09.2026 तक है। पंजीकरण से संबंधित QR Code एवं Link पत्र के साथ संलग्न है। आवेदन में किसी भी प्राकर का समस्या होने पर डॉ० संतोष कुमार सहायक प्राध्यापक (असैनिक) पी०सी०ई० पूर्णियाँ, मो० नं०–8292462345 से कमरा नं०–117 में सम्पर्क करें।

**Link :- https://www.skillindiadigital.gov.in/india-skills-competition**

अनुलग्नक :– यथोक्त।

ह०/–
प्राचार्य
पूर्णियाँ अभियंत्रण महाविद्यालय,
पूर्णियाँ।

ज्ञापांक संख्या.................................. दिनांक..................................

प्रतिलिपि :–

1. संस्थान के सभी सूचना पट पर।
2. संस्थान के वेबसाइट पर।
3. डॉ० संतोष कुमार, सहायक प्राध्यापक (असैनिक) पी०सी०ई को सूचनार्थ प्रेषित।
4. स्थापना शाखा, पी०सी०ई०, पूर्णियाँ को सूचनार्थ प्रेषित।

19.09.26

प्राचार्य
पूर्णियाँ अभियंत्रण महाविद्यालय,
पूर्णियाँ।

19/09/26

19/09/2026

**बिहार सरकार**

**<u>विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग</u>**

**पत्रांक– वि०प्रा० एवं त०शि० (VI) बि०कौ०वि०मि०–53/19518 6/पटना, दिनांकः 18.9.2026**

**प्रेषक,**

**अहमद महमुद (भा०प्र०से०),**
**अपर सचिव,**
विज्ञान, प्रावैधिकी एव तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

**सेवा में,**

**सभी प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य,**
राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय/राजकीय पोलिटेकनिक/
राजकीय महिला पोलिटेकनिक

**विषयः–** **India Skills Competition 2026-27 के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु अधिकाधिक छात्रों के पंजीयन कराने के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **विभागीय ज्ञापांक–1/497645/2026, दिनांक 08.09.2026**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि विश्व कौशल प्रतियोगिता एक कौशल ओलंपिक के समान है जो अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हमारे युवाओं के कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। विश्व कौशल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु योग्य उम्मीदवारों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता "इंडिया स्किल्स" में किया जाता है। इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2026–27 का अयोजन वर्ष 2027 मे किया जाना प्रस्तावित है, जिसमे विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी भाग लेंगे।

इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता मे बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने हेतु बिहार में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है, जिसके विजेता उम्मीदवारों को क्षेत्रीय एवं नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजयी उम्मीदवारों को विश्व कौशल प्रतियोगिता 2028 में भाग लेने का अवसर मिलेगा जो आईची, जापान में प्रस्तावित है।

युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार उपरोक्त प्रतियोगिता मे बिहार राज्य से केवल 2225 छात्रो द्वारा पंजीकरण किया गया है, जबकि अन्य राज्यो मे काफी अधिक संख्या मे छात्रो द्वारा पंजीकरण किया गया है।

अतः अनुरोध है कि **इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता** मे अधिक से अधिक संख्या में छात्रो का पंजीकरण कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें। **पंजीकरण की अंतिम तिथि 22.09.2026 तक है।** पंजीकरण से संबंधित User Manual, QR Code एवं लिंक पत्र के साथ संलग्न है।

**Link:-** https://www.skillindiadigital.gov.in/india-skills-competition

विश्वासभाजन

**अनुलग्नकः– यथोक्त।**

18/9/26

**(अहमद महमुद)**
**अपर सचिव**
विज्ञान, प्रावैधिकी एव तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।